for the purpose of making a full and complete investigation into the circumstances of the case, on 18th September, 1972 A Writ Petition has, however, been filed by the Company on which Court Orders have been passed restraining the Committee from making its final Report Following closure of the unit the Employees' Union had made a bid to take over the Management of the Company, but was unsuccessful, and hence they had represented that Government should take over the Company Government have been taking necessary steps to contest the case which is still sub-judice

खादी तथा ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली में गुम साड़ियां

7053. **श्री फूल चन्द वर्मा :** क्या **औद्योगिक विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फरवरी, 1974 खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली के बिक्री विभाग से 2 हजार रुपये मूल्य की 20 रेशमी साड़िया गुम पाई गई थी,

(ख) यदि हा, तो इसके लिए किन व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराया गया और क्या कोई विभागीय कार्यवाही की गई,

(ग) क्या नवम्बर, 1973 म भी ग्रामोद्योग भवन के गोदाम में से 4 हजार रुपये की साड़िया गुम पाई गई थी जिसके लिए अभी तक किसी को जिम्मेदार नही ठहराया गया और मामले को दबा दिया गया है, और

(घ) क्या सरकार अथवा खादी आयोग गुम हुई वस्तुओ के कारणों की पूरी पूरी जाच के आदेश देने के पश्चात इन चोरियो की रोकथाम के लिए उपाय करेगी ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अन्सारी) : (क) जी, हा ।

(ख) मामले की जाच की जा रही है ।

(ग) जी, हा । इस मामले की भी जाच की जा रही है ।

(घ) जी, हा ।

खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली के मैनेजर के विरुद्ध जांच

7054. **श्री फूल चन्द वर्मा :** क्या **औद्योगिक विकास** मंत्री खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली के कार्यों की जाच के बारे मे 5 दिसम्बर, 1973 के अतारांकित प्रश्न स० 3588 के उत्तर के सम्बन्ध मे यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली के कार्यवाहक मैनजर के विरुद्ध खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा जाच कार्य कब आरम्भ किया गया तथा इस समय जाच कार्य किस स्थिति मे है;

(ख) क्या पिछले 6 माह मे माल गया होने के और कई मामले प्रकाश आये हैं, और

(ग) यदि हा, तो तत्संबधी ब्योरा क्या है और क्या उनके विरुद्ध कोई विभागीय कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अन्सारी) (क) से (ग). सूचना इकटठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।